**दिनांक 01.07.2026 को अभियंता प्रमुख, सिचांई सृजन, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में रू0 50.00 करोड़ से अधिक राशि की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारी :–**

1. श्री ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना।
3. श्री परशुराम यादव, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–4, पटना।
4. श्री सुमन बेदी, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना।
5. सुश्री स्मृति, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना।

**V.C. के माध्यम से उपस्थित पदाधिकारी / संवेदक के प्रतिनिधि :–**

1. श्री अनिल कुमार मंडल, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा।
2. श्री भुपेन्द्र प्रसाद, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, मधुबनी।
3. श्री शम्भू कुमार, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर।
4. श्री बीरेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, दरभंगा।
5. श्री नवीन कुमार, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर।
6. संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता / सहायक अभियंता पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा / झंझारपुर / बेनीपट्टी / कुनौली / मधुबनी / खुटौना / खजौली / अंधराठाढ़ी / केवटी / राजनगर / सकरी / कमला नहर प्रमंडल, जयनगर।
7. संबंधित संवेदक / संवेदक के प्रतिनिधि, श्री V. Nagaraju, Associate Vice President, Megha Engineering & Infrastructure Ltd., Hyderabad.

1. **पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य :–**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि माईलस्टान के अनुसार प्रावधानित भौतिक प्रगति 7.07 प्रतिशत के विरुद्ध कार्य की अद्यतन भौतिक प्रगति 4.30 प्रतिशत है।

मुख्य अभियंता, दरभंगा द्वारा बताया गया कि कुल 8150 विद्युत पोलों का संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया गया है, जिसमें कुल 8805 विद्युत पोल का प्राक्कलन ऊर्जा विभाग, मधुबनी द्वारा उपलब्ध कराया गया है, जिसकी कुल राशि रू0 62.73 करोड़ है।

मुख्य अभियंता, दरभंगा द्वारा बताया गया कि योजना अंतर्गत वृक्ष पातन से संबंधित कोई समस्या नहीं है।

विद्युत पोल शिफ्टिंग से संबंधित सम्पूर्ण कार्यों को मॉनसून अवधि में पूर्ण कराने एवं इसकी सूचना अपने स्तर से संबंधित संवेदक को देने तथा रुपांकण एवं आलेख्य से संबंधित सम्पूर्ण कार्यों को मॉनसून अवधि में पूर्ण कराने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा / अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, दरभंगा / झंझारपुर / मधुबनी / जयनगर एवं कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा / केवटी / सकरी / झंझारपुर / कुनौली / खजौली / मधुबनी / राजनगर / खुटौना / बेनीपट्टी / अंधराठाढ़ी)**

2. **<u>मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर में कमला नदी पर निर्मित वीयर के बराज में रूपांतरण कार्य :–</u>**

मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर में कमला नदी पर निर्मित वीयर के बराज में रुपांतरण कार्य हेतु राशि रू0 405.6627 करोड़ (पुनरीक्षित 642.6437 करोड़) का प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति संसूचित है। इस योजना अंतर्गत कमला नहर प्रमंडल, जयनगर द्वारा प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति की राशि रू0 642.6437 करोड़ के विरुद्ध अद्यतन व्यय रू0 465.64 करोड़ (एकरारनामा पर व्यय–303.32 करोड़, भू–अर्जन–106.83 करोड़, पोल शिफ्टिंग–12.33 करोड़, यॉंत्रिक कार्य–40.42 करोड़ तथा मॉडल टेस्ट एंव अन्यान्य–2.74 करोड़) है। वित्तीय वर्ष 2026–27 में उक्त योजना हेतु रू0 14.00 करोड़ का उद्व्यय निर्धारित किया गया है। अद्यतन आवंटन रू0 14.00 करोड़ है, जिसके विरूद्ध रू0 14.00 करोड़ व्यय प्रतिवेदित किया गया है।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्य का भौतिक प्रगति 82.03 प्रतिशत है। मुख्य अभियंता, दरभंगा द्वारा कार्य में कोई बाधा नहीं होने की बात बतायी गई है। साथ ही Left HR एवं Approach Road का कार्य जल्द ही पूर्ण कराने का आश्वासन मुख्य अभियंता, दरभंगा द्वारा दिया गया है।

11 Kv एवं 33 Kv HT Line के स्थानान्तरण का कार्य प्रगतिधीन है, जिसे जल्द पूर्ण कराने हेतु मुख्य अभियंता, दरभंगा को निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर/कार्यपालक अभियंता, कमला नहर प्रमंडल, जयनगर)**

3. **<u>प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के आलोक में पुरानी कमलाधार, जीवछ नदी, पुरानी कमला नदी आदि को पुनर्जीवित करने एवं इससे सिंचाई सुविधा बढ़ाने तथा बाढ़ न्यूनीकरण कार्य :–</u>**

प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के आलोक में पुरानी कमलाधार, जीवछ नदी, पुरानी कमला नदी आदि को पुनर्जीवित करने एवं इससे सिंचाई सुविधा बढ़ाने तथा बाढ़ न्यूनीकरण कार्य हेतु विभागीय पत्रांक 180 दिनांक 05.02.2025 द्वारा राशि रू0 426.0144 करोड़ (बाढ़ प्रक्षेत्र–264.9329 करोड़, सिंचाई प्रक्षेत्र–161.0815 करोड़) की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदत्त है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 25.06.2025 तथा कार्य समाप्ति की तिथि 28.02.2027 है।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्य की अद्यतन भौतिक प्रगति 2.60 प्रतिशत है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में रू0 1.466 करोड़ का आवंटन निर्गत है, जिसके विरूद्ध रू0 1.4646 करोड़ का व्यय किया जा चूका है।

समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता, दरभंगा द्वारा बताया गया कि कसरौर वीयर के निर्माण में ग्रामीणों द्वारा विरोध उत्पन्न किया जा रहा है।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा बताया गया कि संरचना के निर्माण से संबंधित डिजाईन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। संरचना निर्माण हेतु किये जाने वाले भू–अर्जन का कार्य मौनसून अवधि में पूर्ण कर लिया जाएगा।

योजना अंतर्गत Translocate किये जाने वाले वृक्षों की संख्या को आगामी समीक्षा बैठक के PPT में शामिल करने हेतु मुख्य अभियंता, दरभंगा को निदेशित किया गया। कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी रहने/निर्धारित कार्यक्रम के समानुपातिक प्रगति नहीं रहने के क्रम में LD लगाने तथा एकरारनामा की शर्त्तों का उल्लंघन किये जाने के कारण एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में संवेदक को संबंधित कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता के स्तर से नोटिस जारी करने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, दरभंगा/मधुबनी/जयनगर एवं कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा/खजौली/मधुबनी)**

14/7/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः–(मो0)2 दरभंगा–183/2022–पार्ट–I– 1446 /पटना, दिनांक : 14-07-2026

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

14/7/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः–(मो0)2 दरभंगा–183/2022–पार्ट–I– 1446 /पटना, दिनांक : 14-07-2026

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/7/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः–(मो0)2 दरभंगा–183/2022–पार्ट–I– 1446 /पटना, दिनांक : 14-07-2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर/झंझारपुर/मधुबनी/दरभंगा तथा कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा/झंझारपुर/मधुबनी/राजनगर/बेनीपट्टी/खजौली/अंधराठाढ़ी/सकरी/खुटौना/कुनौली/केवटी/कमला नहर प्रमंडल, जयनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा अपने स्तर से संबंधित संवेदक को बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

14/7/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः–(मो0)2 दरभंगा–183/2022–पार्ट–I– 1446 /पटना, दिनांक : 14-07-2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई तथा विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

14/7/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

Meeting Karwahi(N)